दैनिक प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

हिन्दी-अंग्रेजी समाचार पत्र

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 02 अंक :- 290 मुरादाबाद, 17 February 2023 (Friday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## PM मोदी ने गोरखपुर सांसद खेलकूद महाकुंभ के समापन पर दिया संदेश, बोले- हार से मिलता है जीतने का अनुभव



गोरखपुर- सांसद खेलकूद स्पर्धा महाकुंभ के समापन के अवसर पर पीएम मोदी ने वर्चुअली खिलाड़ियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रतियोगिता में किसी को जीत मिली होगी तो किसी को हार। खेल का मैदान हो या जीवन का मैदान, हार जीत लगा रहता है। लेकिन, इस हार से हमेशा जीतने का अनुभव मिलता है।

### देश को स्पोर्ट्स पॉवर बनाने का मार्ग है सांसद खेल महाकुंभ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत को स्पोर्ट्स पॉवर बनाने के लिए नए रास्ते चुनने होंगे, नई व्यवस्थाएं बनानी होंगी। सांसद खेल महाकुंभ ऐसा ही नया मार्ग है, नई व्यवस्था है। सांसद खेल महाकुंभ खेल क्षेत्र का वह नींव है जिस पर भविष्य की भव्य इमारत का निर्माण होने जा रहा है। इसलिए जरूरी है कि स्थानीय स्तर पर निरंतर प्रतियोगिताओं का आयोजन होता रहे। इससे खेल प्रतिभाओं में निखार आता है और उनका मनोबल मजबूत होता है।पीएम मोदी गुरुवार को गोरखपुर के क्षेत्रीय क्रीड़ांगन में आयोजित सांसद खेल महाकुंभ के समापन समारोह में खिलाड़ियों का मार्गदर्शन कर रहे थे। वीडियो संदेश के जरिये प्रधानमंत्री ने कहा कि खेल व खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए सरकार ने बजट में कई प्रावधान किए हैं। 2014 की तुलना में खेल मंत्रालय का बजट तीन गुना कर दिया गया है। अनेक आधुनिक स्टेडियम बनाए जा रहे हैं। खिलाड़ियों को लाखों रुपये की मदद की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमें खेलों के प्रति होलिस्टिक विजन अपनाना होगा। %टॉप्स% जैसी योजना से खिलाड़ियों के प्रशिक्षण पर ध्यान दिया जा रहा है। खेलो इंडिया के साथ साथ फिट इंडिया और योग जैसे अभियान भी आगे बढ़ा रही है।पीएम ने कहा कि किशोरावस्था में हम देखते हैं कि हर किशोर पेड़ पर या अन्य कहीं लटक कर अपनी लंबाई बढ़ाने का प्रयास करते हैं। यह इस बात का संकेत है कि फिट रहने की इच्छा हर किसी में होती है। हमारे परम्परागत मेलों में खेलकूद होते थे। अखाड़ों में भी भांति-भांति के खेल होते थे। पर, बाद में खेलकूद को उपेक्षित कर दिया गया। हालात यह हो गए कि पीटी के पीरियड को भी टाइम पास मान लिया गया। तीन-चार पीढ़ियों तक न खेल के लिए सुविधाएं बढ़ीं और न ही खेल का आकार। हमारे देश के खिलाड़ियों में बहुत गुप्त और सुप्त सामर्थ्य है जो बाहर आने को लालायित भी है। इस सामर्थ्य को मंच देने, निखारने में सांसद खेल महाकुंभ की बड़ी भूमिका है। खुशी है कि भाजपा के सैकड़ो सांसद खेल महाकुंभ का आयोजन करा रहे हैं। इससे बड़ी संख्या में खेल प्रतिभाओं को मौका मिल रहा है। इन्ही खेल प्रतिभाओं में कुछ राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर खेलेंगे। आगे चलकर ओलिम्पिक जैसी प्रतियोगिताओं में देश के लिए मेडल जीतेंगे।पीएम ने खिलाड़ियों से कहा कि आप में से हजारों की संख्या में ऐसे युवा हैं जो किसी छोटे गांव या छोटे कस्बे से आये हैं। ये दिखाता है कि सांसद खेल प्रतियोगिताएं किस तरह युवा खिलाड़ियों को नये अवसर देने का नया प्लेटफार्म बन रही हैं। आप लोग जो टीवी पर तमाम तरह के टैलेंट हंट कार्यक्रम देखते हैं तो ये भी पाते हैं कि उसमें भी कितने भी बच्चे छोटे-छोटे शहरों से होते हैं।प्रधानमंत्री ने खेलों के विकास व खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्हें यह जानकर खुशी है कि उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर खेल सुविधाओं का विकास हो रहा है। रीजनल स्टेडियम इसका उदाहरण है। गोरखपुर में सौ से अधिक गांवों में खेल के मैदान बनाए गए हैं। चौरीचौरा में मिनी स्टेडियम का निर्माण हो रहा है।

## एकनाथ शिंदे या उद्धव ठाकरे, शिवसेना पर किसका अधिकार? सुप्रीम कोर्ट ने सुरक्षित रखा फैसला




महाराष्ट्र में बीते साल शिवसेना के बंटवारे के बाद पैदा हुए राजनीतिक संकट से संबंधित याचिकाओं को लेकर सुप्रीम कोर्ट में गुरुवार को सुनवाई हुई। इन याचिकाओं को 2016 के नबाम-रेबिया फैसले पर पुनर्विचार के लिए सात न्यायाधीशों की पीठ को भेजा जाएगा या नहीं, इस पर अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। नबाम-रेबिया का फैसला याचिकाओं से निपटने के लिए विधानसभा अध्यक्षों की शक्तियों से संबंधित है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ ने उद्धव ठाकरे और मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे गुटों की ओर से पेश वकीलों की दलीलें सुनीं। सुनवाई के दौरान बेंच ने कहा, 卐दोनों पक्षों के वकीलों को सुना। मामले को बड़ी बेंच के पास भेजने के लिए नबाम रेबिया केस हवाला दिया जाए, इसको लेकर सुनवाई हुई। आदेश सुरक्षित रख लिया गया है।

### सात सदस्यीय बेंच को सौंपने की मांग

शिवसेना ( उद्धव गुट ) की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने मामले को सात सदस्यीय बेंच को सौंपने की मांग की है। उद्धव गुट की तरफ से नबाम रेबिया के फैसले पर भी विचार करने की अपील की गई है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

### मामले को बड़ी बेंच के पास भेजे जाने का विरोध

वहीं, शिंदे ग्रुप की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे और एनके कौल ने मामले को बड़ी बेंच के पास भेजे जाने का विरोध किया। महाराष्ट्र के राज्यपाल की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी इस मामले को बड़ी पीठ को सौंपने के किसी भी कदम का विरोध किया।क्या है नबाम रेबिया केस? गौरतलब है कि साल 2016 में सुप्रीम कोर्ट ने अरुणाचल प्रदेश के बर्खास्त सीएम नबाम तुकी के नेतृत्व वाली सरकार को बहाल करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने कहा था कि अगर विधानसभा स्पीकर को हटाने का प्रस्ताव सदन में लंबित है तो विधायकों को अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता।

www.knlslive.com

## बागेश्वर धाम पहुंचे भाजपा सांसद मनोज तिवारी, दरबार में गाए भोजपुरी गाने, झूमे श्रद्धालु



बागेश्वर धाम के कथावाचक से मिलने पहुंचे भाजपा सांसद ने उनकी बातों का समर्थन किया और कहा कि पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री सत्य सनातन को आगे बढ़ाते रहें, हिंदू राष्ट्र पर उनके विचार बेहद ही अच्छे हैं। मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले के बागेश्वर धाम सरकार यानि की पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री इन दिनों सुर्खियों में बने हैं। बागेश्वर धाम में इन दिनों धार्मिक महाकुंभ चल रहा है, जिसमें शामिल होने गुरुवार को बीजेपी सांसद मनोज तिवारी बागेश्वर धाम पहुंचे और पं. शास्त्री से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दरबार में भोजपुरी भजन भी गाए। बता दें, उनसे पहले 13 फरवरी को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम कमलनाथ भी बागेश्वर धाम पहुंचे थे, जहां उन्होंने पंडित धीरेंद्र शास्त्री से मुलाकात की थी। महाकुंभ में पहुंचे मनोज तिवारी की तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल भी हो रही हैं, जिनमें वह दरबार के मंच पर भजन गाते नजर आ रहे हैं तो वहीं, श्रद्धालु भोजपुरी गानों की धुन पर थिरकते दिख रहे हैं। मनोज तिवारी के साथ ही भजन गायक अनूप जलोटा भी बागेश्वर धाम पहुंचे हैं। अनूप जलोटा ने भी अपने भजनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध किया और बागेश्वर धाम के कथावाचक धीरेंद्र शास्त्री से भेंट कर उनका आशीष लिया। बागेश्वर धाम के कथावाचक पं. धीरेंद्र शास्त्री अक्सर भारत को हिन्दू राष्ट्र बनाने की बात कहते हैं। कथावाचक से मिलने पहुंचे भाजपा सांसद ने भी उनकी बातों का समर्थन किया और कहा कि पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री सत्य सनातन को आगे बढ़ाते रहें, हिंदू राष्ट्र पर उनके विचार बेहद ही अच्छे हैं। बता दें, बागेश्वर धाम में विश्वकल्याण और हिंदू राष्ट्र की मनोकामना के लिए नव कुंडिया अन्नपूर्णा महायज्ञ किया जा रहा है। बागेश्वर धाम की ख्याति दिनों दिन बढ़ती जा रही है। बागेश्वर धाम सरकार के नाम से प्रसिद्धि पा रहे पं. धीरेंद्र शास्त्री के बारे में कहा जाता है कि वह बिना मिले किसी का भी हाल बता देते हैं

और उसकी परेशानी पर्ची पर लिख देते हैं। बागेश्वर धाम में हर मंगलवार को दरबार का आयोजन किया जाता है, जिसमें देशभर से लाखों की संख्या में लोग पहुंचते हैं। यहां स्थित हनुमान मंदिर में श्रद्धालु अर्जी भी लगाते हैं। वहीं, बीते दिनों नागपुर में कथा कराने पहुंचे पं. धीरेंद्र शास्त्री पर अंधश्रद्धा उन्मूलन नाम की संस्था ने उन पर चमत्कार के नाम से अंधविश्वास फैलाने का आरोप भी लगाया था।

## जनता दरबार में अफसरों पर सख्त हुए सीएम योगी, बोले- लापरवाही करने वालों को बांधना होगा बोरिया-बिस्तर



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को दो टूक हिदायत देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में हीलाहवाली अक्षम्य होगी। हर व्यक्ति की समस्या का पूरी प्रतिबद्धता और पारदर्शिता से न्यायोचित समाधान शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होती है और इसमें किसी ने भी लापरवाही की तो उसे अपने दायित्व से बोरिया बिस्तर बांध लेना पड़ेगा। अधिकारी संवेदनशीलता से लोगों की समस्याओं को सुनें और गुणवत्तापूर्ण, त्वरित समाधान सुनिश्चित करें।

### सभी फरियादियों के पास पहुंचे सीएम योगी

सीएम योगी ने ये हिदायतें गुरुवार को गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन के दौरान दीं। मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के बाहर आयोजित जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब छह सौ लोगों की समस्याएं सुनीं। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक सीएम खुद पहुंचे और उनकी बात सुनने के बाद उनके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित किया।

### किसी के साथ नहीं होगा अन्याय

मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को भरोसा दिलाया कि उनके रहते किसी के साथ अन्याय नहीं होने पाएगा। सभी की समस्याओं का समाधान किया जाएगा। जनता दर्शन में दूसरे जिलों के भी लोग आए थे। इस दौरान पुलिस व राजस्व से जुड़ी शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिकारी जिले स्तर पर ही समस्या का समाधान सुनिश्चित करें ताकि लोगों को परेशान न होना पड़े। कड़े तेवर में उन्होंने कहा कि संवेदनहीन और लापरवाह अधिकारियों को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### धन के अभाव में नहीं रुकेगा इलाज

जनता दर्शन में इलाज हेतु आर्थिक सहायता की गुहार लेकर आए लोगों को मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि इलाज में धन की कमी नहीं होने दी जाएगी। संबंधित अस्पताल से इस्टीमेट लेकर प्रक्रिया पूरी करते हुए मुख्यमंत्री कार्यालय को उपलब्ध कराया जाए। विवेकाधीन कोष से तत्काल सहायता राशि जारी करा दी जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस्टीमेट की प्रक्रिया को प्राथमिकता पर पूर्ण कराएं। जनता दर्शन में अपनी माताओं के साथ आए बच्चों को सीएम योगी आदित्यनाथ का प्यार-दुलार व आशीर्वाद मिला। उन्होंने बच्चों का हालचाल पूछा, पढ़ने के लिए प्रेरित कर उन्हें चाकलेट गिफ्ट किया। इस दौरान उन्होंने एक छोटी बच्ची के लिए रैपर से निकालकर उसे चॉकलेट खिलाया।

## जैसी करनी वैसी भरनी, अब्दुल्ला आजम की विधान सभा सदस्यता लगातार दूसरी बार रद्द होने पर बोले केंद्रीय मंत्री

इटावा - केंद्रीय सूक्ष्म एवं लघु मध्यम उद्यम राज्य मंत्री भानु प्रताप वर्मा ने आजम खां के बेटे अब्दुल्ला आजम की विधान सभा सदस्यता रद्द होने पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जैसी करनी वैसी भरनी इसमें कोई साजिश नहीं है। गलती हम करें और फिर दूसरे के लिए कहें कि साजिश है ऐसा नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि हमें फूंक फूंक कर कदम रखना चाहिए और सही काम करना चाहिए। लोग सब कुछ देखते हैं। वे शताब्दी एक्सप्रेस से दिल्ली जाने से पूर्व पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। कानपुर देहात के मड़ौली कांड पर उन्होंने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस घटना में जो भी दोषी होंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। विपक्ष इस मामले में अपना काम कर रहा है उसे आरोप लगाना है जो वो कर रहा है। इस मामले में सख्त कार्रवाई होगी। एफआइआर हो चुकी है और जांच जारी है। तीन वर्ष में लगातार दूसरी बार अब्दुल्ला की सदस्यता हुई खत्म-अब्दुला आजम इस बार केवल 11 महीने ही विधायक रह सके। 10 मार्च, 2022 को विधानसभा के परिणाम घोषित हुए थे। हालांकि उन्होंने अपने पिता आजम खां के साथ 23 मई को विधानसभा की सदस्यता ली थी। चूंकि आजम खां जेल में बंद थे इसलिए उनके बेटे ने भी विधानसभा की सदस्यता ग्रहण नहीं की थी। तीन वर्ष में यह दूसरा मौका है जब अब्दुल्ला की सदस्यता खत्म हुई है।वर्षों बाद आजम परिवार का कोई भी सदस्य विधानसभा में नहीं कभी उत्तर प्रदेश की राजनीति में आजम खां की तूती बोलती थी। एक समय आजम, उनकी पत्नी तजीन व बेटा अब्दुल्ला तीनों विधायक व सांसद रहे हैं। रामपुर में आजम का वर्षों दबदबा बरकरार रहा। वर्षों बाद यह पहला मौका होगा जब आजम परिवार का कोई भी सदस्य अब किसी भी सदन का सदस्य नहीं रह गया है। कि, अब्दुल्ला की विधायकी जाने के बाद भी मामला सुप्रीम कोर्ट में होने की वजह से इस सीट पर उपचुनाव नहीं हो पाया था। वहीं, हेट स्पीच मामले में तीन साल की सजा सुनाए जाने के कारण पिछले वर्ष अक्टूबर में रामपुर सदर से विधायक रहे मो. आजम खां की विधायकी भी खत्म हो चुकी है

## संपादकीय Editorial

# BBC raid

It is the constitutional right of the Income Tax Department to conduct internal survey or conduct raids of any media organization or company.

To term it as undeclared or ideological emergency is hollow politics. BBC is not a milk washed institution. Its reporting continues to be based on colonialist, disruptive and prejudiced thinking. She can label the Kashmiri terrorist as a 'young charismatic'. Its agenda has been exposed even during the Congress governments and today its obstinate behavior towards the Modi government can be seen and felt. In view of presenting a negative image of India, in 1970, the then Prime Minister Indira Gandhi not only banned the BBC, but also locked its offices for two years and sent British employees back to their country. The second ban was imposed during the 'National Emergency' of 1975. Margaret Thatcher,

who was the Prime Minister of Britain, had made very harsh and furious comments on BBC. Britain's National Audit Department also accused the BBC of tax-evasion.

The issue is not so simple and flat that the BBC aired a questionable documentary on Prime Minister Modi and the 2002 Godhra communal riots and the Ministry of Information and Broadcasting warned online platforms not to share its link, but the Government of India That documentary itself was banned.

The matter in this regard is still sub judice in the Supreme Court. Prejudicial actions of BBC may be in the mind of the government, but long before that the Income Tax Department had issued some notices to the media agency seeking clarification. Let alone the BBC, no organization, company or individual operating in India can be above national laws and the Constitution. Violating the law is a 'crime'. Since the Income Tax Department has revealed after BBC's survey or raid that BBC did not follow the rules. Funds transferred wrongly. International taxes have been messed with.

The profits have been wrongly 'diverted'. By law, the BBC had committed an 'offence' if it did not explain the objections raised by the Income Tax Department. How can a survey or raid be called an 'attack on the freedom of the press' or 'circumscribing the pen'?

Strong reactions of opposition parties like Congress, SP, Left parties, National Conference, JD-U and Trinamool can be understood, but the 'Editors Guild of India' should get out of prejudices and think with discretion that the media agency which has its own Had to pay a fine of 12 million pounds in the country,


she can do such illegal activities in India too. This episode should not be linked to Oxfam India, the Center for Policy Research think tank, which has also been working with several state governments, and the Independent and Public Spirited Media Foundation, etc.,

which conducted similar surveys last year. . During those surveys, the phones and other equipment of the employees were seized. The books of accounts were scrutinized and bank accounts were also investigated, but till date uncertainty hangs over these organisations. Of course,

these organizations, like many other organizations and media agencies, have been critical of the Modi government, but what could be the intention behind making and telecasting a documentary on a case on which the Supreme Court has already given its final verdict? It may not be journalism of criticism, but a definite political agenda. This is a matter between the BBC and the Income Tax Department.

# Adnan Sami trolled for supporting the government, Singer said - 'Why are you defaming your own country'

Income Tax raids on BBC offices were a topic of discussion across the country. This news created a lot of buzz on social media and Pakistani-origin Indian singer Adnan Sami also jumped into the controversy. Adnan's post started a new debate on social media after which people trolled the singer fiercely. Adnan Sami trolled- The



whole controversy started on Twitter when Adnan Sami commented on journalist Nidhi Razdan's post regarding the I-T raid on BBC. Akash Banerjee called Adnan Sami a 'Pakistani army brat' and advised him that he should be grateful to the country which gave him asylum and citizenship as a citizen. On this Adnan said, 'I am thankful, the problem is that people like you do not delay a moment in defaming their own country. Government supported in BBC controversy- Many people jumped into this Twitter war and said that there is democracy in India, so here we can question our government. Adnan replied that, yes, keep this discussion limited to your country only, why are you taking off your pants in front of the international community? Does the opposition in Britain engage Doordarshan to defame its own government? We need to stop this 'Brown Sahib'. The post enraged people – Mohammad Zubair cited an old tweet by Adnan Sami in which he had claimed that his talent was discovered by the BBC. Singer replied to this, 'It happened in 1976. That was a different time and it had nothing to do with politics and that too in 2023 no more, it played no role in my Indian citizenship. You are definitely trying to be perfect. So you grow up a bit first.

# When pure vegetarian Pankaj Tripathi had to become a 'butcher', his condition worsened during the shooting

Anurag Kashyap's film Gangs of Wasseypur is included in Cult Movies. There are very few films that leave such a deep impression in people's minds for a long time. This film of Anurag is also one of them. This film changed the fate of many artists. Pankaj Tripathi also got special recognition in this film among the people. His character



in the film was well received, but do you know the difficulties Pankaj had to face to play the role of Sultan Qureshi. Today in Throwback Thursday we are going to tell you an anecdote related to the film Gangs of Wasseypur. It is about the time of 2012. At that time, Pankaj Tripathi was constantly struggling to make a special identity in the film industry. When this film was offered to Pankaj, he immediately agreed to do it. However, he had to face a lot of problems during the shooting of the film. In fact, Pankaj had played the role of a butcher named Sultan Qureshi in the film, during which his condition worsened. This was because in real life he is a pure vegetarian. He revealed the difficulties he faced while working in the film during The Kapil Sharma Show. While narrating this anecdote, the actor said that it was very painful as he is a vegetarian. In the show, he said that due to the smell at that place, he had a lot of vomiting during the shooting. However, due to his performance in every scene, Pankaj had given life to the film. On the work front, Pankaj Tripathi was last seen in Pankaj Bachchan Pandey and Sherdil The Pilibhit Saga. On the other hand, talking about his upcoming project, Pankaj will soon be seen showing his acting prowess in Fukrey 3.

# Finally bachelor 'Popatlal' will get bride! Know what Rita reporter said on the question of marriage and children

Every character of SAB TV's famous television show 'Taarak Mehta Ka Ooltah Chashmah' resides in the hearts of people. Actor Dilip Joshi or 'Popatlal' i.e. Shyam Pathak, who plays the role of 'Jethalal' in the show, has no dearth of fans. As much as this show is popular, all its actors are also famous. Recently, a sample of this was seen when social media users questioned actress Priya Ahuja, who played Rita reporter in the show, about Popatlal. Rita Reporter of 'Taarak Mehta' was questioned by fans on social media about her and Poplal's marriage, to which she answered in a very funny way. Priya Ahuja aka Rita Reporter was recently asked some such questions by people on social media, which surprised everyone as well as the actress. Actually, Priya Ahuja had an Ask Me Anything session with the fans on Instagram, in which different types of questions were asked to her. There was one such question among these questions, which is currently garnering a lot of limelight on social media. The special thing is that the funnier the fan had asked the question, the more witty Priya answered it. A fan asked Rita Reporter, 'If you got married to Popatlal in TMKOC, what would be your reaction?' Giving a funny reaction to this fan's question, Priya used Popatlal's pillow kalam. Priya wrote on the story, 'Cancel, cancel, cancel.' Many times in the show, there are relationships for Popatlal, but the life of the poor Golden Crow Award winner journalist is still empty. Popatlal is not married yet, but his marriage always grabs headlines among the fans. The interesting thing is that Priya Ahuja is married in real life and is also the mother of a child. Priya is married to Malav Rajda, former director of 'Taarak Mehta Ka Ooltah Chashmah'. The name of the daughter of the actress is Ardaas. The love story of both of them started on the sets of the show itself and then after dating each other, both of them decided to get married. In this session, a fan also asked Priya about the second child, so the actress avoided the matter by calling it a relative of hers. Malav Rajda had left the post of the director of the show shortly before. On the other hand, if we talk about Priya's career, the actress made headlines in the year 2008 by playing the role of Rita reporter in 'Taarak Mehta'. She was continuously associated with the show, but in the year 2019, she took a break from the show. However, no other actress has taken the place of this Rita Reporter yet.



# परीक्षा देने पहुंची छात्राओं का मंत्री गुलाब देवी ने तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर किया स्वागत



निरीक्षण के दौरान माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी ने कहा कि मैंने सबसे पहले अपने ही विद्यालय में निरीक्षण किया है। यही ( बीएमजी इंटर कॉलेज ) से मेरी शिक्षा-दीक्षा पूर्ण हुई है। पूरे प्रदेश में परीक्षा पारदर्शिता से हो, इसकी तैयारी पूरी की गई है।माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभारी गुलाब देवी यूपी बोर्ड परीक्षा के पहले दिन निरीक्षण के लिए संभल के चंदौसी के बीएमजी इंटर कॉलेज पहुंची। यहां उन्होंने छात्राओं को तिलक लगाकर और मीठा खिलाकर स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी ने कहा कि मैंने सबसे पहले अपने ही विद्यालय में निरीक्षण किया है। यही ( बीएमजी इंटर कॉलेज ) से मेरी शिक्षा-दीक्षा पूर्ण हुई है। पूरे प्रदेश में परीक्षा पारदर्शिता से हो, इसकी तैयारी पूरी की गई है। प्रदेश में यूपी बोर्ड में 5884745 छात्र शामिल हो रहे हैं। इनमें हाईस्कूल के 3116457 छात्र और इंटर के 2769258 छात्र हैं। परीक्षा को नकलविहीन कराने के लिए जो इंतजाम गत वर्ष किए थे, वहीं सभी इंतजाम इस बार भी हैं। इस बार 8753 परीक्षा केंद्र बने हैं। प्रत्येक परीक्षा केंद्र के प्रत्येक कक्ष में दो-दो सीसीटीवी कैमरे, वॉयस रिकॉर्डर, आउटर लगाए गए हैं। इनके माध्यम से परीक्षा की लाइव मॉनीटरिंग की जाएगी। परीक्षा के लिए सभी केंद्र पर स्थानीय व बाहरी दो-दो केंद्र व्यवस्थापक लगाए गए हैं। इतने ही स्टेटिक मजिस्ट्रेट, 1390 सेक्टर मजिस्ट्रेट हैं। 455 जोनल मजिस्ट्रेट, 521 सचल दलों का गठन किया गया है। अगर पेपर लीक न हो, इसके लिए सभी तैयारी की गई है। अगर किसी ने जरा सभी हरकत की, तो रासुका लगाने से भी पीछे नहीं हटेंगे और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# नेहरु युवा केन्द्र के तत्वाधान में पडोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन




मुरादाबाद-पंचायत भवन सभागार में नेहरु युवा केन्द्र के तत्वाधान में पडोस युवा संसद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में एम0एल0सी0 डा0 जयपाल सिंह व्यस्त, डा0 विशेष गुप्ता, डा0 मेंहदी रत्ता एवं एल0डी0एम0 विशाल दीक्षित उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के विशेषताओं के बारे में बताते हुए नेहरु युवा केन्द के जिला युवा अधिकारी अंकित कुमार ने बताया कि डा0 दीपक मेंहदी रत्ता को कृषि के क्षेत्र में युवाओं को विशेष तौर पर प्रेरित करने के लिए नेहरु युवा केन्द्र मुरादाबाद गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। जबकि मोनिका तिवारी एवं तमन्ना को भाषण प्रतियोगिता में जनपद स्तरीय विजेता रहने पर सम्मानित किया गया एवं कुछ चयनित युवाओं को समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए सम्मानित किया गया, इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में डीपीओ राहुल पाण्डे, चन्द्रा सिंह, विकास, सौरभ सिंह, प्रशान्त मिश्रा आदि महत्वपूर्ण सहयोग रहा। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में स्टार्टअप जी-20 में भारत की अध्यक्षता वसुधैव कुटुम्भकम विषयों पर युवाओं के साथ संवाद स्थापित किया गया तथा तीसरे सत्र में सांस्कृतिक प्रस्तुती के द्वारा भारत की संस्कृति की झलक दिखायी गयी एवं कार्यक्रम के समापन अवसर पर डा0 कोमल जुगलान बाढ आपदा के राष्ट्रीय प्रशिक्षक, डा0 रीता सिंह नोडल अधिकारी एनएसएस, डा0 विजय त्रिपाठी नोडल अधिकारी एनएसएस उपस्थित रहें।

# तड़पते रहे श्वेताभ, हमलावर बरसाते रहे गोलियांतड़पते रहे श्वेताभ, हमलावर बरसाते रहे गोलियां



मुरादाबाद। शहर के व्यस्तम मझोली चौराहे के पास नौ बजे हमलावरों ने दफ्तर से निकले सीए श्वेताभ तिवारी को गोली मार दी। घटनास्थल के पास आठ बुलेट मिली हैं। जिससे साफ लग रहा है कि सीए को एक दो नहीं कई गोलियां मारी गई थीं, लेकिन सरेराह हुए इस हत्याकांड की भनक न तो पुलिस को लगी और न ही आस पड़ोस के लोगों को इसकी जानकारी हो पाई।जबकि चौबीस घंटे इस क्षेत्र में पुलिस गश्त पर रहती है। इसके अलावा बैंक और सामने ही जवाहर मोटर्स शोरूम में गार्ड तैनात थे। बावजूद इसके पंद्रह मिनट तक सीए मौके पर ही तड़पते रहे। गार्ड नीरज बाहर आया तो उसने श्वेताभ को सड़क किनारे खून से लथपथ देखा। उनके साथी अखिल और गार्ड उन्हें कार से लेकर निजी अस्पताल ले गए, लेकिन तब उनकी सांसें थम चुकी थी। हैरान करने वाली बात है कि एक घंटे बाद पुलिस को घटना की जानकारी हो सकी। करीब साढ़े दस बजे लैपर्ड के दो सिपाही अस्पताल पहुंचे। उन्होंने अफसरों को जानकारी दी।

## एक बेटा अजमेर में कर रहा पढ़ाई

श्वेताभ तिवारी मूलरूप से शहर के दीनदारपुरा मोहल्ला निवासी थे। वर्तमान में वह पत्नी शालिनी और बेटे कार्तिक और सार्थक के साथ एमडीए साईं गार्डन में रहते थे। कार्तिक और सार्थक जुड़वा भाई हैं। कार्तिक अजमेर में नौवीं कक्षा में पढ़ता है। जबकि सार्थक मुरादाबाद में ही पढ़ाई कर रहा है।

## आप जाइए, मैं खुद चला जाऊंगा काम निपटाकर

सीए श्वेताभ तिवारी ने गाड़ी चलाने के लिए ड्राइवर रखा था लेकिन शाम को ही वह अपने ड्राइवर को पहले घर भेज देते थे। चालक ने पुलिस पूछताछ में बताया कि शाम छह बजे उन्हें श्वेताभ तिवारी ने कहा था कि वह अपने घर चले जाएं और परिवार के साथ रहे। आज बहुत काम है। मुझे घर जाने में देर हो जाएगी। इसके बाद चालक घर चला गया।

## तो क्या हमलावरों ने दो घंटे किया दफ्तर से बाहर निकले का इंतजार

मुरादाबाद। उनके साथ दफ्तर में काम करने वाले कर्मचारियों और साथियों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि श्वेताभ तिवारी अक्सर सात बजे दफ्तर से निकल जाते थे लेकिन बुधवार को वह नौ बजे तक दफ्तर में रुके रहे और फाइलें निपटाने में जुटे रहे। पुलिस अब इस एंगल पर भी जांच कर रही है कि कहीं हत्यारे सात बजे ही तो घटनास्थल के आस पास नहीं पहुंच गए थे। पुलिस ने कवर किया क्राइम सीन, खंगाले सीसीटीवी कैमरों की फुटेज मुरादाबाद। पुलिस टीमों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे अफसरों ने क्राइम सीन कवर कर लिया। इसके बाद जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस टीम ने बैंक, जवाहर मोटर्स शोरूम के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसके बाद टीम आस पड़ोस के होटल और अन्य भवनों में लगे कैमरों की फुटेज को खंगाला। एक शोरूम का डीवीआर भी पुलिस ने कब्जे में लिया है। पुलिस जल्द खुलासे का दावा कर रही है।

# परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित परीक्षाओं का लिया जायजा



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल, एडीएम प्रशासन आलोक कुमार ने यूपी बोर्ड परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित परीक्षाओं का लिया जायजा केन्द्रों पर शासन की मंशानुसार परीक्षार्थियों को मूलभूत सुविधाएं प्रदान करने के लिए केन्द्र व्यवस्थापकों को दिए निर्देश परीक्षाओं हेतु तैनात जोनल मजिस्ट्रेट, सेक्टर मजिस्ट्रेट, स्टेटिक मजिस्ट्रेट द्वारा परीक्षा केन्द्रों पर रखी जाए पैनी नजर

सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में हो रही हैं बोर्ड परीक्षाएं, कन्ट्रोलरूम के माध्यम से लगातार मॉनीटरिंग जारी शासन की मंशानुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, नकलविहीन, सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराई जाएं यूपी बोर्ड परीक्षाएं

# सीएमओ के निर्देशन में स्वास्थ्य विभाग की बडी कार्यवाही से झौलाछाप में हडकंप



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. उमेश कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में डिप्टी सीएमओ अवैध चिकित्सा व्यवसाय डा. सर्वेश कुमार की टीम द्वारा आज शहर मुख्यालय के विभिन्न क्षेत्रो में अवैध चिकित्सा व्यवसाय करने वालों के विरूद्द चलाऐ गऐ अभियान में एक पैथलॉजी व पांच अवैध क्लीनिक सील किये जाने की बडी कार्यवाही से समूचे जनपद के झौलाछाप चिकित्सकों में हडकंप की स्थिति उत्पन्न हो गयी है को डा. सर्वेश कुमार की टीम द्वारा शहर के निधौलीकलां रोड पर नगला केवल पर सुमन व कासगंज रोड पर महेश कुमार के विष्णू क्लीनिक एवं पी.ए.सी.बटालियन मारहरा रोड पर राहुल के क्लीनिक तथा वेग नगर रेलवे रोड पर उमेश चन्द्र के क्लीनिक सहित अग्रवाल पैट्रोल पम्प के सामने अरूणा नगर पर डा. सुरेन्द्र कुमार शर्मा के अवैध क्लीनिकों को सील करते हुऐ गिरौरा कासगंज रोड पर यशिका पैथलॉजी को सील कर नोटिस थमाऐ है ! डिप्टी सीएमओ डा. सर्वेश कुमार ने बताया कि अभियान निर्बाध गति से निरन्तर जारी रहेगा तथा एफ.आई.आर. भी करायी जाऐगी !

# पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह यादव पर दुष्कर्म का आरोप,11 साल पुराना मामला



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- विधायक रामेश्वर सिंह यादव पर एक महिला ने नौकरी के बहाने दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। करीब 11 साल बाद सामने आई पीड़िता ने कोर्ट के आदेश से कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है। दर्ज कराई गई रिपोर्ट में यह भी आरोप लगाएं है कि उनके बेटों, भाई ने धमकाया था तथा उनपर भी छेड़खानी का आरोप लगाया है। मामले की विवेचना नगर प्रभारी कर रहे है। कोतवाली नगर के एक मोहल्ला निवासी पीड़िता ने कोर्ट के आदेश से रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि पति दिव्यांग है और घर का खर्च उठाने के लिए नौकरी की तलाश में थी। आरोप है कि 2011 में वह नौकरी की तलाश में बस स्टैंड स्थित घर पर गई थी। वहां पर पूर्व विधायक रामेश्वर सिंह यादव मिले थे। पीड़िता ने उनसे नौकरी दिलवाने के लिए बात की। उन्होने अपने अलीगंज स्थित स्कूल में चपरासी की नौकरी दिलवाने का आश्वासन दे दिया था। तीन दिन बाद फिर से उन्होने घर पर बुलाया ओर कागजों पर हस्ताक्षर करवा लिए। कहा कि बस स्टैंड स्थित घर पर अकेला रहता हूं और खाना बनाने की दिक्कत है। हर दिन घर पर आकर खाना बना दिया करो। आरोप है कि पूर्व विधायक ने उनके साथ दुष्कर्म किया। विरोध पर नौकरी नहीं लगवाने की बात कही। कई बार घटना को अंजाम दिया। नौकरी नहीं लगी। 2012 में अलीगंज से विधायक का चुनाव जीत गए थे।

आरोप है कि नौ मार्च 2012 को चुनाव जीतने के बाद पीड़िता विधायक के घर बस स्टैंड पहुंची। आरोप है कि वहां पर जुगेन्द्र सिंह यादव, सुबोध यादव, प्रमोद यादव निवासी प्रेमनगर मौजूद थे। पीड़िता ने विधायक से कहा कि उनकी नौकरी नहीं लगी और गलत कार्य की शिकायत करेगी। इसी बात पर भाई, बेटों ने रिवाल्वर तान दी और छेड़खानी का भी आरोप लगाया है। जिसके बाद वह ड़री-सहमी छिप-छिपकर रह रही थी। आरोप है कि पीड़िता के खिलाफ थाना जैथरा में झूठा मुकदमा दर्ज करवा दिया था,

जिसमें उसे जेल भी भिजवा दिया था। जमानत पर वह बाहर आई। जानकारी होने के बाद पीड़िता ने कोर्ट के आदेश से कोतवाली नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता ने कोर्ट के आदेश से पूर्व विधायक सहित चार के विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले की विवेचना की नगर पुलिस कर रही है। नौकरी का झांसा देकर पूर्व विधायक पर दुष्कर्म का आरोप है। भाई, अन्य पर पिटाई, छेड़खानी का आरोप है।- विनोद कुमार पांडेय, एएसपी क्राइम एटा

# दो खड़े परिवारों को समझा कर फिर से एक साथ रहने के लिए राजी किया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा- सराहनीय कार्य परिवार परामर्श केंद्र एटा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उदय शंकर के निर्देशन में महिला थाना कैंपस नारी उत्थान केंद्र संचालित परिवार परामर्श केंद्र दिनांक 15/2/2023 को आपसी मतभेदों के कारण टूटने की कगार पर दो खड़े परिवारों को समझा कर फिर से एक साथ रहने के लिए राजी किया गया। वादी कौशर पुत्री इकराम निवासी मोहल्ला पठानान कस्बा व थाना जलेसर एटा। प्रतिवादी मंसूर पुत्र अब्दुल वाहिद निवासी आगरा रोड ईदगाह कॉलोनी भाजुददीन फैक्ट्री के सामने सादाबाद जिला हाथरस। वादी पूनम पुत्री राजकुमार निवासी जिन्हैरा थाना मिरहची जिला एटा प्रतिवादी चंद्र प्रकाश पुत्र बाबूराम निवासी अण्डोली थाना हसायन जिला हाथरस। पसी मतभेदों के कारण परिवार परामर्श केंद्र में पत्रावली प्रचलित थी दोनों परिवारों को परिवार परामर्श केंद्र में काउंसलिंग कर समझाया गया दोनों अपनी पिछली गलतियों को मानते हुए साथ रहने के लिए राजी हुए। आज की बैठक में प्रभारी निरीक्षक ब्रह्मवती,काउंसलर सचेंद्र गुप्ता,प्रीति आमोरिया पुलिस स्टाफ हेड कांस्टेबल मिथलेश, पूजा मौजूद रहे।

## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

## नागमणि दिखाकर लाखों की ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
जीपीएम -आरोपी गण जो कि आपस में रिश्तेदार हैं ने मिलकर एक टावर लगाने के नाम पर रिटायर्ड व्यक्ति को टारगेट किया और और उससे ठगी करने की योजना बनाई। सबसे पहले प्रार्थी के पास अपने एजेंट राजू साहू और संजय कुमार रवि, भोले उर्फ राजकुमार सूर्यवंशी को पहले को भेजा एवं चार थी को टावर लगाने के लिए दो डेस मिल जमीन का एग्रीमेंट कराने के लिए राजी किया। आरोपियों ने टावर के लिए प्रतिमाह 11000 देने का एग्रीमेंट कराया इसी बीच योजना के तहत एक व्यक्ति आता है और बताता है कि उसकी मां करील तोड़ने जंगल गई थी जहां उसे नागमणि मिली हैं, जिसकी मार्केट वैल्यू 10000000 है, जिसको उसे 300000 में बेचने की बात करते हुए प्रार्थी को नागमणि दिखाकर उससे 3000000 में इस प्रकार का सौदा किया जिसमें 1500000 प्रार्थी को देना था एवं 1500000 टावर लगाने वाले व्यक्ति को देना था। योजना के तहत प्रार्थी को जलेश्वर के पास बुलाकर उससे 1500000 रुपए ले लिए गए एवं नागमणि की जगह एक छोटा सा डिब्बा सीलबंद देकर फरार हो गए थे । प्रार्थी द्वारा -गोरेला थाने में रिपोर्ट की गई जिस पर अपराध क्रमांक38/23 धारा420 भारतीय दंड विधान कायम कर विवेचना में लिया गया एवं तकनीकी तथा वैज्ञानिक विवेचना के द्वारा साइबर टीम द्वारा जानकारी एकत्र कर उपरोक्त आरोपी गणों को पहचान कर संजय कुमार के घर में दबिश देने पर संजय कुमार घर में उपस्थित मिला तथा उसके पूछताछ पर उसने सभी लोगों के नाम का उजागर किया, बाकी लोग अपने अपने घर से फरार हो गए संजय के पास से इससे में प्राप्त 400000 में से 315500 बरामद किया गया जिसकी विवेचना की जा रही है बाकी आरोपियों की पता चला जारी है।

## पतरकोनी में रीपा के तहत अधोसंरचना कार्यों को शीघ्र पूरा करें - कलेक्टर श्रीमती महोबिया



ग्यासुद्दीन
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
गौरेला-पेंड्रा-मरवाही- कलेक्टर श्रीमती प्रियंका ऋषि महोबिया ने आज ग्राम पंचायत पतरकोनी में रीपा के तहत फ्लाइएश निर्माण इकाई अधोसंरचना सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की और संबंधित निर्माण एजेंसी को कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पेन्ड्रा में संचालित सी-मार्ट का अवलोकन किया। सी-मार्ट में ग्राम पंचायत बारी-उमराव के बिहान अंतर्गत पूजा महिला स्व-सहायता समूह द्वारा निर्मित स्टेशनरी सामग्री फाइल, नोटशीट पैड और विविध सुविधा सह मूल्य संवर्धन केन्द्र दानीकुंडी द्वारा निर्मित पंच गव्य केश निखार, साबुन, हल्दी, मसाला तथा अन्य स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित अगरबत्ती, फिनाइल, मिट्टी कप, आचार, महुआ स्क्वैश, पुष्यानुग चूर्ण, विष्णुभोग चावल उपलब्ध हैं। इसके बाद कलेक्टर ने कलेक्टोरेट के सामने प्रस्तावित सी-मार्ट स्थल का निरीक्षण कर उसके ड्राइंग डिजाइन, निर्माण प्रक्रिया आदि के संबंध में ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन अभियंता श्री शरद श्रीवास्तव से जानकारी ली। इस अवसर पर परियोजन निदेशक डीआरडीए श्री आर.के. खुंटे उपस्थित थे।

## नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान की श्री साहू ने की सराहना



रामचन्द्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
सूरजपुर- पिछड़ा वर्ग कांग्रेस के जिला अध्यक्ष महेन्द्र साहू ने पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू से पुष्प गुच्छ भेंट कर सौजन्य मुलाकात किया। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से जिले में पुलिस द्वारा नशे के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान की सराहना करते हुये कहा कि पुलिस के नशा विरोधी चलाए जा रहे अभियान से नशे के सौदागरों में हड़कम्प मचा हुआ है।

## मालिश कराने वाले आर आई को बचाने प्रशासन ने पूरी ताकत झोंकी

रामचन्द्र जायसवाल =दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

सूरजपुर- सूरजपुर।मालिश कराने वाले आर आई को बचाने प्रशासन ने पूरी ताकत झोंक दी है।बिहारपुर के एक आर आई का मालिश कराते वीडियो वायरल होने के बाद हड़कम्प मच गया है।बताया गया रिकार्ड दुरुस्त कराने के एवज में एक ग्रामीण से मालिश कराया जा रहा था।अब प्रशासन यह साबित करने में जुटा है कि जो व्यक्ति मालिश कर रहा है वह प्रोफेसनल है,जिससे काम के एवज में नही बल्कि दर्द निवारक के रूप में काम लिया गया।सूत्रों के अनुसार उक्त छोटेलाल नामक ग्रामीण से यह लिखाया गया है वह वर्षो से मालिश का कार्य करता है और अपनी मर्जी से मालिश भी किया।खबर तो यह भी है कि उसे धमकाया भी गया है।इधर सरपंच ने दावा किया है कि उसने कभी यह काम किया ही नही है।जो भी हो पर इस जोर आजमाईश से बेहतर होता प्रशासन के लोग विभाग के बेलगाम कार्यशैली को सुधारने की दिशा में पहल करते तो शायद लोगो को सरकार के मंशानुरूप राहत मिलती।

## पूर्वांचल विकास बोर्ड के सलाहकार साकेत मिश्रा ने जमुनहा में कार्यक्रम कर किया जनसंपक



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
श्रावस्ती- हम जनता के बीच रहना पसंद करते हैं सांसद की तरफ बाढ़ तबाही में गायब नहीं रहते। जनपद के विकास क्षेत्र जमुनहा के थाना हरदत्त नगर गिरंट क्षेत्र में गुरुवार को भाजपा के युवा नेता एवं सरकार के सलाहकार साकेत मिश्र पूर्वांचल विकास बोर्ड उत्तर प्रदेश ने विकास क्षेत्र जमुनहा के ग्राम पंचायत हरदत्त नगर गिरंट व लम्बुइया चौराहा धूमबोझी चौराहा पर आम जनता से रूबरू होकर जनता की हर समस्याओं को जाना और प्रदेश सरकार एवं जिला प्रशासन से मिलकर उनकी समस्याओं को दूर करने का आश्वासन दिया।जनता ने आवास से लेकर राशनकार्ड, पेंशन योजना का लाभ आम जनता तक पहुंचाने में मंत्री से अपनी फरियाद लगाई।भाजपा के कार्यकर्ता ग्राम प्रधान विजय कुमार सिंह व विजय बहादुर सिंह ने रोडबेज बस सेवा की मांग रखी तो जबकि एसडीएम जमुनहा सौरभ शुक्ला ने आम जनता की तरफ से नानपारा गिरंट मार्ग व मल्हीपुर से बाबागंज मार्ग और मल्ही पुर से भिंनगा मार्ग पर रोडवेज बस चलाने की बात कही बताया।एसडीएम ने बताया कि श्रावस्ती जनपद के इस मार्ग से लखीमपुर से नानपारा, गिरंट तथा भिनगा बलरामपुर तक सीधे आवागमन बाधित हो रहा है यहां आज भी लोग टैक्सी व प्राइवेट वाहनों का सहारा ले रहे हैं ऐसे में इस मार्ग रोड़बेज बस चलना बहुत ही जरूरी है।माननीय सलाहकार पूर्वांचल विकास बोर्ड उत्तर प्रदेश सरकार के दर्जा प्राप्त मंत्री साकेत मिश्र ने श्रावस्ती जिला अधिकारी से मिलकर इस बात को सरकार तक पहुंचाने की बात कहीं।उन्होंने कहा कि हम अपने जनता से निरंतर कहते चले आ रहे हैं कि आप अपनी समस्याओं को हमें अवगत करायें।जबकि ग्राम प्रधान विजय कुमार से कहा कि गरीब परिवार को आवास योजना का लाभ दिलाएं कोई भी गरीब परिवार छूटने न पाये अधिक से अधिक आवास, पेंशन का लाभ दिलाएं। श्रावस्ती जनपद में बाढ़ग्रस्त इलाकों को बचाने के लिए उन्होंने बताया कि जलमंत्री स्वतंत्र देव सिंह के समक्ष अपनी बात रख चुका हूं ताकि बाढ़ग्रस्त गांवों को बचाया जा सके।जबकि उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि हमारे सरकार की प्राथमिकता में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, आवास, बेरोजगारी दूर करने के लिए काम तेजी से किया जा रहा हैं इस दौरान एसडीएम जमुनहा सौरभ शुक्ला, थानाध्यक्ष गिरंट उमेश सिंह, प्रेमचंद जायसवाल,रामचंद यादव,भाजपा नेता प्रमोद शर्मा, संजय मिश्रा, ग्राम प्रधान विजय कुमार, बिजय बहादुर सिंह, के साथ प्रमोद मिश्रा, बाबूराम पाठक, जनर्मदन मिश्रा ,संतोष शर्मा,प्रधान सलामत खां मौजूद रहे।मंत्री जी का लम्बुइया चौराहे पर डाक्टर रामबघेल यादव तथा समाजसेवी सलीम खां ने फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और क्षेत्र में सड़कें की मांग रखा।

ताज़ा खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSLIVE.COM


## थाना मल्हीपुर व हरदत्त नगर गिरंट मे आगामी त्योहार महाशिवरात्रि को लेकर पीस कमेटी की बैठक



लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
श्रावस्ती- थाना मल्हीपुर में पीस कमेटी की बैठक की गई जो आगामी त्योहार महाशिवरात्रि को लेकर क्षेत्र के सम्मानित ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य व वरिष्ठ नागरिक मौजूद रहे बैठक में उप जिला अधिकारी जमुनहा सौरभ शुक्ला बैठक की अध्यक्षता किया इस मौके पर क्षेत्राधिकारी भिनगा अतुल कुमार चौबे थाना प्रभारी निरीक्षक रामपाल यादव उप निरीक्षक आरक्षी महिला आरक्षी सभी लोग उपस्थित रहे उपस्थित लोगों से उप जिला अधिकारी ने अपील किया कि आगामी त्यौहार को भाईचारे के रूप में मनाएं सभी समुदाय एक होकर त्योहार को मनाने में आनंद आता है शांति व्यवस्था भंग करने वाले के खिलाफ आप लोग सूचना दें आप लोगों का नाम गोपनीय रखा जाएगा उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी इस संबंध में थाना मल्हीपुर में सूचना दे सकते हैं जो पुलिस हरदम आप लोगों के सहयोग के लिए तत्पर रहेंगे आप लोग शांति रूप से भाईचारे के रूप में त्यौहार को मनाएं कहीं किसी प्रकार की ब्योधान फैलाने वाले या अव्यवस्था फैलाने वाले लोगों को चिन्हित करके मुझे य प्रभारी निरीक्षक मल्हीपुर को तत्काल प्रभाव से जानकारी दें और ऐसे लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। तथा थाना हरदत्त नगर गिरंट में भी पीस कमेटी की बैठक की गई जिसकी अध्यक्षता नायब तहसीलदार जमुनहा शुभम तिवारी ने किया इस मौके पर क्षेत्राधिकारी भिंनगा थानाध्यक्ष हरदत्तनगर गिरंट के थानाध्यक्ष उमेश सिंह आरक्षी उपनिरीक्षक क्षेत्र के ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य आदि मौजूद रहे और नायब तहसीलदार जमुनहा ने बताया कि आप लोग भाईचारे के रूम में त्योहार को मनाए कहीं पर किसी प्रकार की अव्यवस्था ना हो इस संपूर्ण जिम्मेदारी आप लोगों की होगी ।

## आंगनबाड़ी मांग मांग कर थके सरपंच, स्थानीय विधायक ने जल्द नया आंगनबाड़ी खोलने दिया आश्वासन

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
सूरजपुर जिला अन्तर्गत भारत की संभावित सबसे बड़ी ग्राम पंचायत खोहिर में पहाड़पर बसे गाँव बैजनपाठ के पंडोपारा में नहीं है आंगनबाडी केंद्र बिहारपुर- आँगनबाड़ी मांग तो कई सालों से हैं लेकिन मिल नहीं रहा,छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री से मांग का भी असर नहीं हुआ तो अब सरपंच ने भटगांव विधायक को आवेदन दे इसकी मांग की है।बात सूरजपुर जिला अन्तर्गत भारत की संभावित सबसे बड़ी ग्राम पंचायत खोहिर में पहाड़पर बसे गाँव बैजनपाठ के पंडोपारा की है जहां आंगनबाडी केंद्र नहीं है और इसकी मांग करते करते सरपंच थक गए हैं।उन्होंने यहां प्राथमिक शाला खोलने की मांग उनसे की। गौरतलब है कि बैजनपाठ पहाड़ पर बसा गांव है जो कई तरह की समस्याओं से जूझ रहा है,इन्हीं समस्याओं में पंडोपारा में आंगनबाड़ी केंद्र का न होना है जो है तो छोटी सी बात लेकिन शासन प्रशासन ने इसे बहुत बड़ा बना दिया है।सालों से इसकी मांग के बावजूद इस गॉव में नया केंद्र खुलने का नाम नहीं ले रहा है,सीएम के भेंट मुलाकात में मांग की,शासन को लिखा,प्रशासन को अवगत कराया, इनसे मांग मांग कर थकने के बाद सरपंच ने अब स्थानीय विधायक व संसदीय सचिव से आंगनबाड़ी केंद्र की मांग की है।ग्राम पंचायत खोहिर के सरपंच फुलसाय पंडो आज पारसनाथ राजवाड़े के गृह निवास गए और पूरी स्थिति से अवगत कराते हुए आवेदन दिया।उन्होंने विधायक को बताया कि पण्डो पारा के 0 से लेकर 5 साल तक के बच्चे एवं शिशुवति महिलाएं फिलहाल बैजनपाठ में



संचालित आगनबाड़ी केंन्द्र में दो से तीन किलोमीटर पैदल चलकर लाभान्वित हो रहे हैं।दूरी और बरसात के मौसम के हिसाब से बच्चों को आने जाने में काफी परेशानी होती है। इस पंडोपारा में लगभग 40 बच्चे और लगभग 13 गर्भवती / शिशुवती माताएं है जिन्हें दूसरे मोहल्ले में आंगनबाड़ी केंद्र जाना पड़ता है।इसी तरह 5 साल के उपर के बच्चे अपनी प्राथमिक शिक्षा के लिए भी 2 से 3 किलोमीटर पैदल चलकर जाते हैं इनके लिए भी समस्या बनी रहती है और यहां पर प्राथमिक स्कूल खोला जाना चाहिए।संसदीय सचिव को आवेदन देने के बाद सरपंच ने बताया कि संसदीय सचिव ने उनकी मांग के बाद जिले के किसी अधिकारी से बात की और आश्वस्त किया है कि शीघ्र आंगनबाड़ी और स्कूल खुलेंगे।बरहाल यहां में सरपंच आंगनबाड़ी केंद्र खुलवाने लंबे समय से परेशान हैं,अब तक उन्हें कहीं से राहत नहीं मिली है,अब देखना होगा कि संसदीय सचिव से फरियाद कितनी कारगर होती है।

### भुंडा में बच्चे जाते हैं 8 किलोमीटर दूर लुल्ह

सरपंच ने संसदीय सचिव को बताया कि इससे भी ज्यादा कठिनाई वाली स्थिति भुंडा की है जहां आंगनबाड़ी केंद्र नहीं है।यहां के बच्चों और शिशुवती व गर्भवती माताओं को लगभग आठ किलोमीटर पैदल चलकर लुल्ह आना पड़ता है।घनघोर जंगल के कारण जंगली जानवरों का डर बना रहता है,इतनी दूर आने के डर से कई बार वे योजना से वंचित हो जाते हैं।यहां भी केंद्र खोलने वे कई बार मांग कर चुके हैं,पूर्व में यह बताया भी गया था कि शासन को प्रस्ताव भेजा गया है लेकिन आज तक केंद्र नहीं खुला।

### अब तक किसी को नहीं आई मासूम बच्चों पर रहम

भुंडा हो या बैजनपाठ का पंडोपारा, दोनों ही जगह आंगनबाड़ी केंद्र न होने के कारण मासूम बच्चों के साथ शिशुवती माताओं को योजनाओं का लाभ लेने कई कई किलोमीटर दूर पैदल चलना होता है।सीएम हो या जिले के अधिकारी व अन्य,सबके आंगनबाडी की मांग हो चुकी है लेकिन बच्चों व शिशुवती माताओं की स्थिति देखते हुए भी किसी को उन पर अब तक रहम नहीं आई है। जल्द ही पहल की जाएगी---विधायक-- भुंडा के बच्चे गांव में आंगनबाड़ी केंद्र ना होने पर 7-8 किलोमीटर दूर जाते हैं ऐसी जानकारी मिली है। वहां जल्दी ही केंद्र खोला जा सके इस बारे में महिला बाल विकास अधिकारी से बात कर अवगत कराया गया है और इस मामले पर जल्दी ही पहल किया जाएगा।

## आवारा गोवंश द्वारा उत्पन्न समस्याओं के निदान हेतु समीक्षा बैठक संपन्न

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद स्तरीय गो-संरक्षण, अनुश्रवण, मूल्यांकन एवं समीक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में जनपद के निराश्रित/बेसहारा गोवंश से किसानों की फसलों के नुकसान एवं राष्ट्रीय राजमार्गो पर आवारा गोवंश द्वारा उत्पन्न समस्याओं के निदान किये जाने हेतु समीक्षा की गई। शासन के निर्देश के क्रम में गो आश्रय स्थल की स्थापना, संचालन, क्रियान्वयन एवं प्रबन्धन के सम्बन्ध में विस्तृत चर्चा की गयी। जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को पशुओं की शत-प्रतिशत ईयर टैगिंग कराने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि गो-संरक्षण केन्द्रों में रहने वाले गोवंशों को कोई दिक्कत न हो, इसका सम्बन्धित अधिकारीगण विशेष ध्यान रखे। पशुओं के लिए चारा-पानी एवं उनके रहने के लिए छाया की व्यवस्था भी सुनिश्चित रहनी चाहिए। उन्होंने कहा कि




गोशाला में किसी भी तरह की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। यदि कहीं भी किसी गोवंश को कोई हानि पहुंचती है तो सम्बन्धित चिकित्सक तत्काल उपचार करेंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि ब्लॉक लेवल पर प्रत्येक गौशाला की अलग-अलग फाइल होनी चाहिए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि निराश्रित गोवंशों को संरक्षित किया जाए तथा आश्रय स्थल में संरक्षित समस्त गोवंशों का नियमित निरीक्षण एवं पंजिका पर अंकन कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होने समस्त खण्ड विकास अधिकारियो को निर्देश दिया कि अपने-अपने ब्लाक में चिन्हित जगहों पर नये अस्थायी गौशालाओं का निर्माण किया जाए। पुरानी गौशालाओं में जहां पर जगह निर्धारित की गई हो, वहां पर नये शेड तत्काल बनाये जाएं, ताकि निराश्रित गोवंशों को रहने के लिए कोई दिक्कत न हो। उन्होंने नगरीय क्षेत्रों में घूम रहे गोवंशों को समीप के गोशालाओं में संरक्षित कराने का निर्देश दिया है। वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में भी गोवंशों को संरक्षित करने हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिया कि संयुक्त रूप से टीम बनाकर सड़क पर घूम रहे गोवंशों को संरक्षित कर उनकी टैगिंग कराकर पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित किया जाए। इसके अलावा गांव एवं नगर क्षेत्र में जो पशुपालकों द्वारा गोवंश पाले गये है, उनकी भी जियो टैगिंग कराकर सूचीबद्ध कर उनकी निगरानी भी की जाए। और पशुपालकों को गोवंशों से होने वाले लाभ के बारे में बताया जाए